S.No.	Name and designation	Expr. incurred
(9)	Shri Ankush Rao R. Tope, Member of Parliament	UK £17,485.10 Rs. 5,14,082.00
(10)	Shri Ram Niwas Mirdha, Member of Parliament	Rs. 15,58,341.00
(11)	Shri Kailash Narain Sarang Member of Parliament (Rajya Sabha)	Rs. 13,55,906.00
(12)	Justice S.R. Pandian, Chairman Vth Pay Commission	Rs. 1,58,414.00
(13)	Shri Tej Singh Rao Bhonsle, Member of Parliament	Rs. 6,32,399.00
	1996-97	
(1)	Shri G.C. Saxena, Ex-Governor, J&K	U.S. $ 3313.33
(2)	Dr. (Mrs.) Rajnbir Kumari Bajaj Lt. Governor, Pondicherry	US $ 34432.00
(3)	Shri V.P. Singh, Ex-Prime Minister of India	Rs. 5,19,656.00

*This list does not include those of other categories sent for treatment abroad under rule 11 of CS(MA) Rules, 1944 during the concerned year.

बिहार में "सन् 2000 ई० तक सभी के लिए स्वास्थ्य

2537. **श्री रामगोपाल यादव** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने बिहार में सन् "2000 ई० तक सभी के लिए स्वास्थ्य" परियोजना प्रारम्भ कर दी है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार का ऐसी परियोजनाएं अन्य राज्यों विशेषकर उत्तर प्रदेश में भी प्रारम्भ करने का विचार है ;

(घ) यदि हां, तो यह परियोजना कब तक पूरी हो जाने की संभावना है; और

(ङ) यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रेणुका चौधरी): (क) और (ख) "सन् 2000 तक सभी के लिए स्वास्थ्य" जैसी कोई परियोजना नहीं है । सभी के लिए स्वास्थ्य देश की स्वास्थ्य नीति का समग्र लक्ष्य है । स्वास्थ्य परिचर्या, विशेष रूप से निर्धन तथा लाभ-वंचित लोगों के लिए सेवाओं में सुधार स्वास्थ्य परिचर्या की व्यवस्था से संबंधित सभी लोगों का एक उद्देश्य बना हुआ है। प्रत्येक राज्य सरकार विभिन्न उपायों के माध्यम से जिनमें कुछ राष्ट्रीय कार्यक्रमों का कार्यान्वयन, स्वास्थ्य अवसंरचना के नवीकरण तथा आधुनिकीकरण तथा चिकित्सा कार्मिक शक्ति, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धि करके लोगों को बेहतर स्वास्थ्य परिचर्या प्रदान करना चाहती है ।

(ग) से (ङ) ये प्रश्न नहीं उठते ।